04 सीएमएचओ दफ्तर की 10 महीने के बाद 'नींद' टूटी...




08 बिसूखेड़ी के ग्रामीणों ने गांव में उचित मूल्य की दुकान...





## खबर संक्षेप

### कभी भी दे सकेंगे जीवन प्रमाण पत्र

**सीहोर** | कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में पेंशनरों को दी जाने वाली सुविधाओं में एक नई सुविधा शामिल की गई है। ईपीएफ के दायरे में आने वाले रिटायर्ड कर्मचारी अब साल भर में कभी भी जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। अभी तक साल भर में सिर्फ एक बार नवंबर में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की सुविधा थी। बता दें कि पेंशनरों की सहूलियत के लिए अब ईपीएफओ ने नई व्यवस्था की है। इसके तहत कोई पेंशनर साल के जिस महीने में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेंगे, अगले साल इसी महीने में उन्हें अगला प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

### राष्ट्रीय पोषण माह अभियान 16 अक्टूबर तक मनाया जाएगा

**सीहोर**। मिशन पोषण 2.0 के तहत मध्यप्रदेश में 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर 2025 तक राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जाएगा। इस वर्ष का आयोजन आठवाँ पोषण माह होगा, जिसमें राज्य, जिला, परियोजना और आंगनबाड़ी स्तर तक सामुदायिक सहभागिता से थीम-आधारित गतिविधियाँ संचालित होंगी। पोषण माह की प्रमुख थीम हैं मोटापा नियंत्रण , प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा , शिशु एवं बाल आहार प्रथाएँ , पुरुष सहभागिता और एक पेड़ माँ के नाम एवं स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा हैं।

### गो हत्या और गो मांस की तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर रहा बंद

# सकल हिंदू समाज का दोराहा-झरखेड़ा बंद सफल ज्ञापन सौंपकर आरोपी का मकान गिराने की मांग

गत दिवस परवलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत टोल नाके पर विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गो मांस ले जा रहे आरोपियों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीहोर

गो हत्या और गो मांस की तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के आह्वान पर बुधवार को दोराहा और झरखेड़ा कस्बे पूरी तरह से बंद रहे। सकल हिंदू समाज ने एकजुटता दिखाते हुए अपनी दुकानें स्वेच्छा से बंद रखीं, जिससे बंद पूर्णतः सफल रहा। इस दौरान संगठनों ने कलेक्टर के नाम संबोधित ज्ञापन भी सौंपा गया, जिसमें आरोपी पर कठोर कार्रवाई और उसके अवैध निर्माण को गिराने की मांग की गई है। जानकारी के अनुसार गत दिवस परवलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत टोल नाके पर विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गो मांस ले जा रहे छह आरोपियों को पकडक़र पुलिस के हवाले किया था। इन आरोपियों में दोराहा के सिकंदरगंज का एक युवक भी शामिल था। इसी घटना के विरोध में गो हत्या रोकने और तस्करी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर संगठनों ने बुधवार को बंद का आह्वान किया था।

### ज्ञापन सौंपकर की मुख्य मांग

सकल हिंदू समाज, विहिप और बजरंग दल ने तहसीलदार के माध्यम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने गो हत्या और आपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियों पर तत्काल और कठोर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में दोराहा के सिकंदरगंज के एक आरोपी मुबीन अली पिता इसाक अली को गौ हत्या की आपराधिक गतिविधि में शामिल बताते हुए उस पर कार्रवाई की मांग की गई है। मांग की गई है कि आरोपी का मकान सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बना हुआ है, इसलिए इसे गिराया जाए। आरोपी और उसके परिवार को सरकारी योजनाओं से वंचित रखा जाए। आरोपी द्वारा चलाए जा रहे पानी भारत चिल्ड्र वाटर के लाइसेंस को तुरंत निरस्त करने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया कि आरोपी का पूरा परिवार पूर्व में भी गांजा तस्करी, अवैध हथियार रखने और महिला संबंधित अपराधों में शामिल रहा है। ज्ञापन के माध्यम से आरोपी पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है।





### बाजारों में रहा सन्नाटा

बंद के आह्वान पर दोराहा और झरखेड़ा के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान पूरी तरह से बंद रहे, जिससे बाजारों और प्रमुख मार्गों पर सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि आम जनता की सुविधा को देखते हुए दूध डेयरी और मेडिकल दुकानों जैसी आवश्यक सेवाओं को छूट दी गई थी। बजरंग दल विहिप ने बंद की सफलता पर सकल हिंदू समाज का आभार व्यक्त किया।



## क्रिसेंट रेसिडेंसी चोरी का खुलासाः अंतराज्यीय सांसी गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार, लाखों के गहने बरामद

**सीहोर**। वीआईपी क्रिसेंट रेसिडेंसी स्थित एक सूने मकान में सेंधमारी कर लाखों रुपये के गहने और नकदी चुराने वाले दो अंतराज्यीय चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गए सोने-चांदी के सभी जेवरात बरामद कर लिए हैं।

फरियादी राकेश श्रीवास्तव ने 15 सितंबर को थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 12 सितंबर की रात को अज्ञात चोरों ने उनके क्रिसेंट रेसिडेंसी स्थित सूने आवास का सेंट्रल लॉक तोडक़र नकबजनी की। चोरों ने अलमारी में रखे सोने-चांदी के गहनों समेत 10 लाख रुपये नगदी की चोरी की थी। सूचना पर थाना कोतवाली में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### राजगढ़ से पकड़े गए अंतरराज्यीय चोर

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देश पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रविन्द्र यादव के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर जांच पड़ताल की, जिसके बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों में अरूडा उर्फ अरूदा पिता प्रकाश सिसोदिया (42 साल) निवासी ग्राम गुलखेड़ी थाना वोडा जिला राजगढ़ और नीरज कुमार पिता नाथू सिंह सिसोदिया (45 साल) निवासी ग्राम कडिय़ा सांसी थाना वोडा जिला राजगढ़ शामिल है।



### सेंट्रल लॉक तोडक़र घुसे घर में

आरोपी सुनसान घरों को चिन्हित करते थे और फिर दरवाजे का सेंट्रल लॉक तोडक़र अंदर प्रवेश करते थे। इसके बाद आलमारी तोडक़र जेवर और नकदी की चोरी करते थे। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी गए सोने चांदी के सभी जेवर बरामद कर लिए हैं। जब्त की गई सामग्री में शामिल है। जिसमें सोने के गहने 01 नग रानीहार, 03 नग चैन, 02 जोड़ टॉप्स, 01 जोड़ कनचड़ी, 01 मंगलसूत्र, 05 नग अंगूठी, 01 नग टीका.वेंदी, 01 नग नथ, जबकि 05 जोड़ पायजेब शामिल हैं।

### मौतों के बाद कोल्ड्रिफ सिरप की सीहोर में नहीं होगी बिक्री

**सीहोर**। छिंदवाड़ा में कोल्ड्रिफ सिरप पीने से बच्चों की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने नई एडवाइजरी जारी की है। औषधि प्रशासन ने सर्दी, जुखाम और खांसी की दवाओं को लेकर सीहोर जिले में भी सख्ती बढ़ा दी है। अब क्लोरफेनेरामिन मेलिएट आईपी 2 एमजी और फिनायलेफरिन हाइड्रोक्लोराइड आईपी 5 एमजी वाले फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन की बिक्री सिर्फ रजिस्टर्ड डॉक्टर की पर्ची पर ही होगी। सीहोर में कोल्ड्रिफ सिरप की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। अब तक सरकारी और निजी दवा दुकानों की जांच में कोल्ड्रिफ सिरप का कोई स्टॉक नहीं मिला है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने सिरप बनाने वाली कंपनी मेसर्स सेसन फार्मास्यूटिकल्स, तमिलनाडु के जबलपुर स्थित स्टॉकिस्ट से जानकारी ली। जांच में पता चला कि सीहोर में इस सिरप की कोई सप्लाई नहीं हुई है। दवा विक्रेताओं को निर्देश दिए गए हैं कि 4 साल से कम उम्र के बच्चों को यह दवा न दें। अगर किसी पर्चे में इसका उल्लेख हो तो मरीज को दवा देने से पहले डॉक्टर से दोबारा सलाह लेने को कहें। साथ ही जिन दवाओं के पैकेज इंसर्ट या प्रचार सामग्री पर चेतावनी नहीं लिखी है, उन्हें तुरंत स्टॉकिस्ट या निर्माता को लौटा दें।

## आधी रात को सीहोर में हंगामा एसआई ने संघ पदाधिकारियों से की अभद्रता, एसपी ने किया लाइन अटैच



**सीहोर**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों के साथ कथित तौर पर अभद्रता करने के मामले में आनन-फानन में कार्रवाई की है। घटना के बाद देर रात तक चले हाई वोल्टेज ड्रामे के चलते पुलिस अधीक्षक को तुरंत एक्शन लेते हुए एक उप निरीक्षक को लाइन अटैच करना पड़ा।

पूरा मामला बीती रात तब सामने आया जब संघ के पदाधिकारी आगामी 12 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर होने वाले पथ संचलन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए बाल विहार मैदान में मौजूद थे। इसी दौरान एसआई कौशलेंद्र सिंह वहां पहुंचे। संघ पदाधिकारियों का आरोप है कि एसआई कौशलेंद्र सिंह ने शराब के नशे में उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। यह खबर मिनटों में संघ, बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं तक पहुंच गई, जिसके बाद बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कोतवाली चौराहा पर जमा हो गए साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरव सन्नी महाजन, मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, आशीष पचौरी सहित बीजेपी के अनेक नेता भी कोतवाली चौराहे पर मौजूद रहे।

**चौराहे पर हनुमान चालीसा का पाठ :** आक्रोशित हिंदुत्व नेताओं ने कोतवाली चौराहे पर ही बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ करना शुरू कर दिया। कार्यकर्ताओं की मांग यह थी कि एसआई कौशलेंद्र सिंह का तत्काल मेडिकल टेस्ट कराया जाए, ताकि नशे में होने के आरोपों की पुष्टि हो सके। हालांकि घंटों की गहमागहमी के बावजूद एसआई का मेडिकल नहीं हो पाया, जिससे संघ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में गहरी नाराजगी बनी हुई है।

**आधी रात को ही कार्रवाई :** मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने तत्काल हस्तक्षेप किया। आधी रात उन्होंने एसआई कौशलेंद्र सिंह को तत्काल प्रभाव से लाइन अटैच करने का आदेश जारी कर दिया।

## कुल्हाड़ी से पत्नी की हत्या करने वाला आरोपी पति छिपा था मक्के के खेत में

**रेहटी**। रेहटी थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम भूरीटेक मैं पति कुल्हाड़ी मारकर पत्नी की हत्या कर दी है और हत्यारा पति फरार हो गया। मौके पर पहुंची और तत्काल हत्यारे पति की तलाश में जुट गई और 24 घंटे के अंदर हत्यारे पति को पकड़ने में सफलता हासिल की।

पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा के निर्देशन में तथा थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए रेहटी थाना क्षेत्र में घटित हत्या की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने मात्र 24 घंटे के अन्दर आरोपी सहित घटना में उपयोग की गई कुल्हाडी सहित गिरफ्तार किया है।

5 तारीख को फरियादी सांवल सिंह बारेला पिता नासरिया बारेला उम्र 40 साल ने थाना रेहटी मै रिपोर्ट की मेरी भान्जी राधा ने सुबह करीबन 6.30 बजे चिल्लाकर बोली कि मामा जल्दी आओ पापा देवलाल कुल्हाडी से मम्मी बंसती बाई के साथ मारपीट कर रहे है।आवाज सुनकर मै घर मे से बाहर आँगन मे आया तो देखा कि मेरी बहन बंसती बाई घर के आँगन में फूल के पेड के पास नीचे गिरी पडी थी मेरा बहनोई देवलाल कुल्हाडी लिये वहाँ खडा था जिसकी कुल्हाडी में खून लगा था मुझे देखकर वह घर के पीछे खेत तरफ भाग गया मै अपनी बहन बंसती बाई के पास पहुचा जिसके गर्दन बांयी तरफ गहरा घाव एवं सिर में गंभीर चोट लगी थी खून निकल रहा था जिसकी सांसे चल रही थी जिससे मैने पूछा तो बोली कि पति देवलाल ने मुझे कुल्हाडी से मारा है 10 मिनिट बाद उसकी सांसे चलना बंद हो गयी मेरे बहनोई देवलाल बारेला ने घरेलु विवाद पर से मेरी बहन बंसती बाई के ऊपर कुल्हाडी से जान लेवा हमला कर हत्या कर दी हैं। फरियादी की रिपोर्ट पर रेहटी पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देश पर निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में टीम गठित की गई। प्रकरण में मुखबिर व्दारा मिली कि ग्राम खेरी गुरू बाबा चबूतरे के पास देवलाल बारेला निवासी भूरीटेक बैठा है उनि नंदराम अहिरवार हमराह स्टाफ के रवाना होकर ग्राम खेरी पहुंचा तो पुलिस को देखकर बगल में मक्का के खेत में दौड लगाकर घुस गया हमराह स्टाफ की मदद से मक्का के खेत की तलाशी लेने पर आरोपी देवलाल बारेला छिपा हुआ मिला जिसका नाम पता पूछा जिसने अपना नाम देवलाल बारेला पिता स्व.जामसिंह बारेला उम्र 38 साल निवासी ग्राम भूरीटेक थाना रेहटी का होना बताया एवं घटना में उपयोग की गई कुल्हाडी के संबंध में गहनता से पूछताछ की गई तो बताया कि मैने स्वयं की धारदार कुल्हाडी से पत्नि बसंती बाई की 5 तारीख को प्रातः 06.30 बजे आपसी में दोनो का झगडा होने से कुल्हाडी सिर व गले में मारकर हत्या कर दी है। एवं मैं घर से कुल्हाडी लेकर भाग गया था और कुल्हाडी को मक्के खेत में फेंक दिया। बाद मै आरोपी देवलाल बारेला को गिरफ्तार कर बताये स्थान मक्के के खेत में से कुल्हाडी को संमक्ष पंचान के विधिवत जप्त कर पुलिस कब्जा लिया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया ।



### निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रों का पंजीयन अनिवार्य

सीहोर। निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने गत दिवस बताया कि शासन निर्देशानुसार अब निजी नर्सिंग होम एवं क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट का विनिमय म.प्र. उपचार्यगृह तथा रजोपचार्य संबंधी स्थापनाये (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के स्थापित प्रावधान अनुसार समस्त फीजियोथेरेपिस्ट को अधिनियम की धारा 2 में क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट को परिभाषित किया गया हैं। अधिनियम की धारा 3 के अनुक्रम में कोई भी व्यक्ति द्वारा क्लिनिकल स्टेबलिसमेंट का संचालन (निजी फीजियोथेरेपी केन्द्र) बिना विनियामक अधिनियम के अन्तगर्त पंजीयन के बिना नहीं किया जा सकता। जिले के समस्त निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को निर्देशित किया गया है कि फीजियोथेरेपी केन्द्रो का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराये।

### नपाध्यक्ष और पार्षद ने किया सड़क निर्माण के लिए भूमि-पूजन

# लुनिया चौराहा ब्रिज से राम मंदिर तक 17 लाख रुपए से बनाई जाएगी सीसी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीहोर

लुनिया चौराहा ब्रिज से राम मंदिर तक 17 लाख रूपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य किया जाएगा। नागरिकों के हित में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने विकास कार्यो के लिए सक्रिय वार्ड नम्बर 20 की भाजपा समर्थक पार्षद सपना रवि मालवीय की मांग को पूरा कर दिया है।

बुधवार को लुनिया चौराहा ब्रिज के पास नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के मुख्य अतिथिय में सीसी सड़क निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। पार्षद सपना रवि मालवीय के नेतृत्व में क्षेत्र के नागरिकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और अतिथि के रूप में कार्यक्रम में पहुंचे पार्षद अजयपाल सिंह, मुकेश मेवाड़ा, कमलेश राठौर, लोकेंद्र वर्मा, प्रदीप बिजोरिया, कुमलेश कुशवाहा का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। नागरिकों को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष राठौर ने कहा कि शहर के सभी वार्डो में निरंतर विकास कार्य कराए जा रहे है नागरिकों की सुविधाओं को भी ध्यान रखा जा रहा है। नागरिकों की मांग पर और पार्षद सपना मालवीय की अनुशंसा पर राममंदिर के पास सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा और माता मंदिर पर टीनशेड भी लगवाया जाएगा। पार्षद सपना रवि मालवीय ने कहा कि वार्ड विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है नगर पालिका अध्यक्ष पिंरस राठौर पुरा सहयोग कर रहे है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रंजीत वर्मा विजेंद्र कौशल, जितेंद्र चौरसिया, सन्नी लूनिया, फूल सिंह, अमर सिंह, सावन लूनिया, कुंदन वर्मा,ओम सिंह बिजोरिया आदि नागरिक मौजूद रहे।



## रथ पर घास की कुटिया में बैठकर निकले महर्षि वाल्मीकि, मां सीता की गोद में बैठे थे लव-कुश

**सीहोर**।महर्षि वाल्मीकि जयंती पर मंगलवार को शहर में चल समारोह निकाला गया। इसमें दो झांकियां, तीन डीजे, ढोल-ताशे, बैंड और अखाड़ों के कलाकार शामिल हुए। एक झांकी में रथ पर घास-फूस की कुटिया बनाई गई थी। इसमें महर्षि वाल्मीकि विराजमान थे। पास ही माता सीता लव-कुश को गोद में लिए बैठी थीं। इस झांकी में वनवास का दृश्य दिखाया गया। जहां लव-कुश महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में पले-बढ़े। दूसरी झांकी में लव-कुश द्वारा भगवान श्रीराम के अश्वमेध यज्ञ के घोड़े को बंदी बनाने का दृश्य दर्शाया गया। दोनों झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।



**खबर संक्षेप**



### नशामुक्ति के उद्देश्य से मद्य निषेध सप्ताह आयोजित किया

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा नशामुक्त भारत अभियान के तहत 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक नशा मुक्ति के लिए जागरूकता के उद्देश्य से मद्य निषेध सप्ताह आयोजित किया गया। इस सप्ताह के समापन अवसर पर पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नशा मुक्ति जागरूकता रैली आयोजित किया गई। रैली में अनेक स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थी, एनसीसी, एनएसएस के विद्यार्थी एवं शिक्षक गण शामिल हुए। इस अवसर पर कार्यक्रम के तहत आयोजित की गई रंगोली, चित्रकला, भाषण, निबंध लेखन, स्लोगन, नुक्कड़ नाटक सहित अनेक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को एएसपी श्रीमती सुनीता रावत, विभाग के उप संचालक महेश यादव एवं जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अर्जुन सिंह, अंकिता ठाकुर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी और शिक्षकगण उपस्थित थे।

### जाति वर्ग भेद भूलकर एक सूत्र में बंधकर रहना चाहिए हमको: पं.पाठक

**सीहोर।** माधव महाकाल आरोग्य आश्रम में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर विचार और काव्य गोष्ठी हुई। आयोजन राष्ट्रीय कवि संगम की जिला इकाई के बैनर तले हुआ। पंडित मोहितराम पाठक ने कहा, महर्षि वाल्मीकि का जीवन प्रेरणादायक है। हमें जाति और वर्ग का भेद भूलकर एकता से रहना चाहिए। संगठन में ही शक्ति है। जितेंद्र तिवारी ने कहा, भारत विद्वानों की भूमि रहा है। यहां कई महान लोगों ने जन्म लिया। महर्षि वाल्मीकि भी उन्हीं में से एक हैं। काव्य गोष्ठी में गोविंद लोवानिया, लक्ष्मण चौकसे, हीरालाल जायसवाल और डॉ. विजेंद्र जायसवाल ने देशभक्ति से भरी कविताएं सुनाईं।

### बिजली कंपनी का उपाय एप किया गया अपग्रेड

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को अनेक सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई गई हैं। कंपनी ने बिजली उपभोक्ता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कंपनी के उपाय ऐप को अपग्रेड कर दिया है। अब बिजली उपभोक्ता कंपनी के उपाय ऐप से घर बैठे ही अपने बिजली कनेक्शन से संबंधित अनेक सुविधाओं का लाभ केवल एक ऐप के माध्यम से ही उठा सकते है। कंपनी ने उपाय ऐप को अपग्रेड कर समग्र आईडी के साथ ही पैन कार्ड के माध्यम से भी ई-केवायसी करने की सुविधा उपलब्ध करवाई है।

## मुस्कान हॉस्पीटल को किया गया सील, अस्पताल संचालक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने के दिए गए निर्देश

# सीएमएचओ दफ्तर की 10 महीने के बाद 'नींद' टूटी, बच्ची की मौत के बाद जांच टीम गठित की

हैरत की बात यह है कि सीएमएचओ सुधीर कुमार डेहरिया और उनके पूरे स्टाफ ने 10 महीने तक इस बात पर ध्यान नहीं दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के स्वास्थ्य विभाग पर एक हैरतअंगेज लापरवाही का गंभीर आरोप लगा है। जिला मुख्यालय स्थित सीएमएचओ कार्यालय से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर बरखेड़ी गाँव में एक अवैध 'मुस्कान हॉस्पिटल' पिछले 10 महीनों से धड़ल्ले से चल रहा था। इस अनदेखी का परिणाम यह हुआ कि कथित झोलाछाप डॉक्टर के गलत इंजेक्शन से 2 वर्षीय मासूम दीक्षा कुशवाहा की मौत हो गई। बच्ची की मौत के बाद अब सीएमएचओ सुधीर कुमार डेहरिया का दफ्तर जागा है और जांच के लिए 5 सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय ने 24 दिसंबर 2024 को ही मुस्कान अस्पताल को बंद करने के आदेश (पत्र क्रमांक 19880) जारी कर दिए थे। निरीक्षण




समिति ने अस्पताल संचालन में गंभीर कमियां पाई थीं, जिसके आधार पर इसे तत्काल बंद करने को कहा गया था। हैरत की बात यह है कि सीएमएचओ सुधीर कुमार डेहरिया और उनके पूरे स्टाफ ने 10 महीने तक इस बात पर ध्यान नहीं दिया कि उनके कार्यालय से महज 10 किमी की दूरी पर एक अवैध और



खतरनाक क्लीनिक धड़ल्ले से चल रहा है।

### गलत इंजेक्शन से मासूम दीक्षा की मौत

पीड़ित परिवार के अनुसार 2 अक्टूबर को दीक्षा को खांसी और बुखार के इलाज के लिए मुस्कान क्लीनिक के कथित डॉक्टर अशोक विश्वकर्मा के पास ले जाया गया। चाचा गजराज कुशवाहा ने शिकायत में बताया कि डॉक्टर द्वारा एक इंजेक्शन लगाए जाने के तुरंत बाद ही बच्ची की तबीयत बिगड़ गई और वह कोमा में चली गई। मंगलवार को भोपाल के अस्पताल में उसकी मौत हो गई। सीएमएचओ ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस अस्पताल को आज पुनः सील कर दिया गया है और अस्पताल संचालक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।

### आखिरकार एक जान गंवाने के बाद जागे

जब अवैध क्लीनिक की लापरवाही से मासूम की जान चली गई और मामला पुलिस तक पहुंचा, तब जाकर सीएमएचओ कार्यालय की नींद टूटी। सीएमएचओ सुधीर कुमार डेहरिया ने तत्काल प्रभाव से 5 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है, जिसमें शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जेपी परमार और सीबीएमओ डॉ. नवीन मेहर शामिल हैं। समिति को आज ही जांच कर प्रतिवेदन सौंपने का आदेश दिया गया है। उधर पुलिस ने भी कार्रवाई तेज कर दी है। कोतवाली थाना प्रभारी रवीन्द्र यादव ने क्लीनिक पर ताला पाए जाने के बाद सीसीटीवी का डीवीआर जब्त कर लिया है ताकि यह पता चल सके कि बच्ची को कौन सी दवा या इंजेक्शन दिया गया था। डॉक्टर अशोक विश्वकर्मा क्लीनिक बंद कर फरार है। परिवार ने डॉक्टर अशोक विश्वकर्मा पर गैर जिम्मेदाराना इलाज और लापरवाही का गंभीर आरोप लगाते हुए कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## मेरे नशे की लत का जिम्मेदार मेरा समाज विषय पर प्रतियोगिता आयोजित

**सीहोर।** सीहोर। शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र के सहयोग से सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के तत्वाधान में महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मद्य निषेध सप्ताह के अंतर्गत अभियान के दौरान बुधवार से दो दिवसीय पुरस्कार महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर केन्द्र के संचालक राहुल सिंह ने महोत्सव में मौजूद वरिष्ठ समाजसेवी विवेक रुठिया, रेडक्रास सोसाइटी के सचिव विपुल चांडक, संस्कार मंच के धर्मेन्द्र माहेश्वरी, इंजीनियर कृष्णकांत पाटीदार सहित अन्य का स्वागत किया। दो दिवसीय पुस्कार महोत्सव के पहले दिन मेरे नशे की लत का जिम्मेदार मेरा समाज विषय प्रतियोगिता में आधा दर्जन से अधिक युवाओं को पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमें इस विषय के पक्ष में विजेता के रूप में प्रथम स्थान राजा तिवारी, दूसरा स्थान



विनोद मीना, तीसरा स्था राजा मेवाड़ा ने हासिल किया। वहीं इसके विपक्ष में शानदार चर्चा का हिस्सा रहे और प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले नितिन कोल्फ, दूसरा स्थान चंदर मेवाड़ा और तीसरा स्थान विजय शर्मा ने हासिल किया। इस मौके पर विपक्ष की भूमिका निभा रहे नितिन कोल्फे ने कहाकि नशे की लत या किसी नशे की चीज का एडिक्शन होना एक मानसिक बीमारी है, नशे की लत का कारण मानसिक रूप से स्वास्थ्य न रहना है। आसानी से किसी के साथ जुड़ने में दिक्तत का सामना कर रहें लोग भी इस लत का शिकार हो रहें है। कार्यस्थल या स्कूल में ख़राब प्रदर्शन। तनाव को दूर करने में परेशानी का सामना करने वालें लोग भी इस लत का शिकार हो जाते है। इसलिए इस नशे रुपी बीमारी से हमें स्वयं मुक्ति की राह खोजना चाहिए।

## अपर कलेक्टर ने किया भैरूंदा कृषि उपज मंडी का निरीक्षण

**सीहोर।** अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने भैरूंदा कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भावांतर योजना के पंजीयन की कारवाई देखी और योजना के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सोयाबीन उत्पादक किसानों का भावांतर योजना में पंजीयन कराना सुनिश्चित कराएं, कोई भी किसान भावांतर योजना का लाभ पाने से वंचित न रहे। इसके साथ ही उन्होंने मंडी परिसर में साफ-सफाई, व्यवस्थापन और बुनियादी सुविधाओं की स्थिति देखी और आवश्यक दिशा निर्देश



दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए मंडी परिसर में सभी आवश्यक सुविधाएं दुरुस्त कराई जाएं। उन्होंने कहा कि मंडी की प्रक्रियाओं को अधिक कुशल, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाया जाए। निरीक्षण के दौरान भैरूंदा एसडीएम सुधीर कुशवाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पेंशनरों का एक दिवसीय धरना किया आयोजित



**सीहोर।** बुधवार को अम्बेडकर पार्क तुलसी नगर भोपाल में आयोजित पैशनरों के ऐतिहासिक एक दिवसीय धरने को संबोधित करते हुए म.प्र. शासकीय अधिकारी कर्मचारी जनकल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष रामगोपाल सेन ने वर्तमान सरकार को मंच के माध्यम से आग्रह किया कि सरकार मप्र के पैशनरों के ज्ञापन में उल्लेखित सभी मांगों को दीपावली से पूर्व शेष महंगाई भत्ता के साथ आदेश जारी कराकर प्रदेश के वरिष्ठ पैशनरों के आक्रोश को शांत किया जावे। जिसमें बकाया पांच प्रतिशत डीए/मृत्यु पर आम कर्मचारी की भांति एग्रिसिया की राशि 27 माह का बकाया एरियर्स प्रमुख हैं। प्रांताध्यक्ष रामगोपाल सेन ने पैशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष सुधीर दुबे के नेतृत्व की सराहना की जो प्रदेश के पैशनरों को संगठित किए हुए हैं। आज के धरना-प्रदर्शन में सीहोर जिले की सहभागिता सराहनीय रही। जिसमें प्रांताध्यक्ष रामगोपाल सेन, आर.के. बांगरे, अभय जैन, महेश सैन, दीनदयाल शंखवार, सुशील शाक्य, सेतवंत श्रीवास्तव, आर.सी. पोतदार, आर.एन. शर्मा, सुरेश शर्मा आदि प्रमुख थे। प्रदेश के जिलों से आए पैशनरों ने रामगोपाल सेन प्रांताध्यक्ष के ओजस्वी उद्बवोधन की सराहना की। प्रांताध्यक्ष रामगोपाल सेन ने धरना आंदोलन के आयोजक सुधीर दुबे का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने मंच पर आमंत्रित कर स्वागत और उद्बोधन का समय प्रदान किया।

## मप्र राज्य कर्मचारी संघ का स्थापना दिवस समारोह संपन्न



**सीहोर।** म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ का 48 वाँ स्थापना दिवस समारोह तहसील चौराहा स्थित भारतीय मजदूर संघ कार्यालय मे समारोहपूर्वक सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र वर्मा, उपाध्यक्ष भोपाल सम्भाग विशेष अतिथि पं सन्तोष शर्मा पूर्व प्रदेश मंत्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपाल सिंह ठाकुर पूर्व सम्भाग अध्यक्ष ने की। कार्यक्रम का प्रारम्भ अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा तथा भारतमाता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन से हुआ। राज्य कर्मचारी संघ की स्थापना के उद्देश्य तथा कार्यक्रम के बारे मे पं सन्तोष शर्मा द्वारा विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा कि प्रवास, कार्यकर्ता सम्पर्क, कार्यक्रम तथा कोष किसी भी संगठन की आत्मा होते है। मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र वर्मा ने उपस्थित कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कर्मचारी संघ एक परिवार है व्यक्तिहित परिवारहित में राष्ट्रहित समाया है।

शासन की योजनाओं को कर्मचारियों के माध्यम से क्रियान्वत किया जाता है अतः सभी को राष्ट्रहित मे यह कार्य बिना किसी रागद्वेष मे करना चाहिए। संघ का नारा है देशहित मे करेंगे काम, काम के लेगे पूरे दाम! हम राष्ट्र की मजबूरी का लाभ उठाने वाले नही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गोपाल सिंह ठाकुर ने कहा कि संघ का प्रेरणा गीत ही हमारी प्रेरणा है मानवता के लिए उषा का किरण जगाने का कार्य, शोषित पीड़ित अंतिम पक्ति के व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुँचे यही हमारा उद्देश्य है। कार्यक्रम मे जिलाध्यक्ष कुंदन राय, सचिव बलराम पंवार कोषाध्यक्ष विनोद जोशी, अंकुर शर्मा, मनोज व्यास, अरूण जोशी, लाड़ सिंह बकोदिया, सन्तोष सिंह, राघवेन्द्र दिक्षित, नरेन्द्र विश्वकर्मा, मुकेश राठौर, राकेश केलोदिया सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## शरद महोत्सव पर विराट कवि समागम में महर्षि वाल्मीकि जयंती कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्थानीय रैंबो प्ले स्कूल के सभागार में शरद पूर्णिमा एवं महर्षि वाल्मीकि जयंती पर विचार एवं काव्यगोष्ठी का आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कवि हीरालाल जायसवाल अनाड़ी ने की। मुख्य अतिथि गीतकार द्वारका बांसुरिया विशेष अतिथि एनजीओ प्रकोष्ठ अध्यक्ष बृजमोहन सोनी एवं त्रिलोचन प्रसाद दुबे रहे। सर्वप्रथम माँ सरस्वती एवं वाल्मीकिजी के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सरस्वती वंदना कवि जोरावर सिंह ने प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र ओढ़ाकर संदीप मेवाड़ा एवं यश जायसवाल ने किया।कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र जायसवाल ने किया।

इस अवसर पर शहर के कवि लक्ष्मण चौकसे का सम्मान उनके द्वारा लगभग 51 फिल्मों मे काम एवं 4 सीरियल मे काम करने पर शाल, श्रीफल, एवं सम्मान - पत्र भेंट कर किया गया। ओर सीहोर जिले के ग्राम कर्मणखेड़ी के युवा कवि राहुल ठाकुर का सम्मान उनके द्वारा वाह वाह क्या बात मे काव्य पाठ करने के लिए शाल श्रीफल एवं सम्मान पत्र भेंट कर किया गया। साथ ही संगठन विस्तार करते हुए जिले एवं तहसील के पदाधिकारी की घोषणा हुई।जिसमें जिला उपाध्यक्ष हीरा लाल जायसवाल ,गोविंद लवानिया ,तहसील सीहोर अध्यक्ष कैलाश चव्हाण ,उपाध्यक्ष प्रवेश मिश्रा ,संतोष सनातनी एवं तहसील संरक्षण सचिन शर्मा रहे। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किये और साहित्यकारों ने काव्य पाठ किया जिसमें मुख्य रूप से द्वारका बासुरिया, हिरालाल जायसवाल अनाड़ी, त्रिलोचन प्रसाद दुबे ,विनोद पंसारी ,हरिश्चंद्र आर्य,जोरावर सिंह, गोविंद लोवानिया,जितेंद्र नरोलिया, लक्ष्मण सिंह चौकसे, आदित्य हरी गुप्ता , डॉ.हरीश पथिक, संतोष सनातनी, डॉ.अखिलेश हटीला, डॉ. विजेंद्र जायसवाल, संदीप मेवाड़ा, कैलाश चव्हाण ,राहुल ठाकुर ,यश जायसवाल , हीरा लाल शर्मा, सुमित ठाकुर, देवराज ठाकुर आदि रहे। अंत मे कार्यक्रम का आभार महामंत्री लक्ष्मण सिंह चौकसे ने माना।

## वाल्मीकि जयंती और शरद पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

# महर्षि वाल्मीकि एक महान कवि थे : ब्रजमोहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

सेवा भारती के वाल्मीकि शिक्षा बाल संस्कार केंद्र,केशव बस्ती महर्षि बाल्मीकि जयंती का पावन पर्व बड़े उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित एवं चित्र पर माल्या अर्पण कर शुरू किया गया।

इस अवसर पर अनेक सामाजिक कार्यकर्ता, सेवा भारती के बच्चों के पालकगण एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महर्षि वाल्मीकि को आदि कवि कहा जाता है। वे संस्कृत साहित्य के प्रथम महाकाव्य रामायण के रचयिता हैं, जो भगवान श्रीराम के जीवन और आदर्शों पर आधारित है। वाल्मीकि जी का जीवन परिवर्तन और आत्मज्ञान का अद्भुत उदाहरण है। पहले एक साधारण शिकारी रहे वाल्मीकि, ऋषियों की संगति में आकर तपस्या और ज्ञान के मार्ग पर अग्रसर हुए और अंततः एक महान ऋषि के रूप में प्रतिष्ठित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रजमोहन (खंड संघ चालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) ने अपने




संबोधन में कहा, महर्षि वाल्मीकि न केवल एक महान कवि थे, बल्कि उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए धर्म, कर्तव्य और आदर्श जीवन का मार्ग प्रशस्त किया। रामायण आज भी नैतिकता, कर्तव्य और मर्यादा का सबसे बड़ा ग्रंथ है। पारस वर्मा सेवा भारती जिला प्रमुख, विशेष अतिथि सुरेश काचले, जय नारायण कांचले, शंभू सिंह राजपूत एवं वार्ड नंबर 12 की पार्षद इंदु मालवीय ने भी वाल्मीकि जी के सामाजिक समरसता और न्यायप्रियता पर प्रकाश डाला, विशेष अतिथि जयनारायण ने बताया कि किस तरह हमें साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए और श्री राम जी के जीवन चरित्र को ध्यान में रखते हुए अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका पूजा बैरागी ने किया। सेवा भारती नगर अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष राधिका जैमिनी सह सचिव, डॉ.शिरीष व्यास ने भी अपने-अपने विचार रखे और वाल्मीकि जी को प्रेरणास्त्रोत बताया। अंत में सभी ने संकल्प लिया कि वे वाल्मीकि जी के आदर्शो , सत्य ,सेवा, स्वच्छता और संस्कार को जीवन में उतारकर समाज को और भी सुंदर ,सुसंस्कृत बनाएंगे। इस अवसर पर बच्चों द्वारा चित्र कला में वाल्मीकि जी का चित्र प्रस्तुत किया रामायण पर आधारित प्रश्नोत्तरीभी की गई सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सभी बच्चों को उपहार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पधारी मातृशक्तियां, वर्षा राजपूत ,ज्योति राजपूत, रश्मि सोनी ,पुष्पा जी,दीपा जी सहित अनेक बहनों उपस्थित रही।

कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ किया गया। सेवा भारती द्वारा आयोजित यह आयोजन समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाने, भारतीय संस्कृति को जाग्रत करने एवं बच्चों में संस्कार निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

## तीन मंजिला शॉपिंग मॉल, निर्माण कार्य अंतिम चरण में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

नगर परिषद द्वारा वार्ड क्रमांक 7 में बनाए जा रहे बहुप्रतीक्षित तीन मंजिला शॉपिंग मॉल का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर सीएमओ संतोष रघुवंशी, उपयंत्री अजीत तिवारी, वार्ड पार्षद प्रभात भदौरिया, यशवंत सिंह चौहान, श्रीकांत शर्मा एवं राहुल रिठोरिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित इस शॉपिंग मॉल को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है जो न केवल व्यापारियों को बेहतर प्लेटफॉर्म देगा, बल्कि नागरिकों को खरीदारी एवं खानपान के लिए एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। 38 दुकानें, होटल, रेस्टोरेंट और बैंक्वेट हॉल होंगे शामिल...नगर परिषद के उपयंत्री अजीत तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शॉपिंग मॉल तीन मंजिला होगा। प्रथम और द्वितीय तल पर लगभग 38 दुकानें



संचालित की जाएंगी। वहीं तृतीय तल पर होटल, रेस्टोरेंट, 8 कमरे और एक बैंक्वेट हॉल का निर्माण किया जा रहा है, साथ ही पर्याप्त पार्किंग स्पेस बनाया जा रहा है निर्माण लगभग अंतिम चरण में है।सुविधा और सुरक्षा का रखा जा रहा विशेष ध्यान....नगर परिषद द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शॉपिंग मॉल में आने वाले दुकानदारों और ग्राहकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस हेतु दो आधुनिक लिफ्ट्स लगाई जा रही हैं। इसके अलावा आपात स्थिति में सुरक्षा के सभी मानकों का पालन किया जा रहा है, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे।विकास के नए आयाम की ओर बुधनी...नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय के निर्देशन में क्षेत्र में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं इस शॉपिंग मॉल का निर्माण भी उन्हीं कार्यों की एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जिसका उद्देश्य नगर को आधुनिक, सुसज्जित और आत्मनिर्भर बनाना है।

भावांतर योजना के तहत सोयाबीन पंजीयन में प्रदेश के टॉप-5 जिलों में शामिल हुआ राजगढ़

# भावांतर योजनाः 5 ही दिनों में जिले के 21646 किसानों ने कराया पंजीयन

## 17 अक्टूबर तक होने हैं इस योजना के तहत किसानों के पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

खरीफ सीजन में जिले में सबसे ज्यादा बोई जाने वाली सोयाबीन फसल का भावान्तर योजना के तहत 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक किसानों के पंजीयन किए जाना है। इसे जिले के लिए उपलब्धि ही कहेंगे जो पंजीयन प्रारंभ होने के महज 5 दिनों में ही जिले की विभिन्न नौ तहसीलों के 21 हजार 646 किसान अपना पंजीयन करवा चुके हैं। महज पांच दिनों में इतने अधिक पंजीयन होने से राजगढ़ जिला प्रदेश के उन टॉप-5 जिलों की फेहरिश्त में शामिल हो चुका है, जहां अभी तक सर्वाधिक पंजीयन हुए हैं। अगर तहसीलवार बात करें भावान्तर योजना के तहत सर्वाधिक 6395 पंजीयन नरसिंहगढ़ तहसील एवं सबसे कम 951 पंजीयन राजगढ़ तहसील में अभी तक हुए हैं। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में सीसीबी, सहकारिता विभाग, कृषि विभाग, राजस्व एवं मंडी के अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन इसकी समीक्षा की जा रही है।

### किस तहसील में अभी तक कितने हुए पंजीयन

| तहसील | पंजीयन |
|---|---|
| नरसिंहगढ़ | 6395 |
| पचोर | 3153 |
| जीरापुर | 2565 |
| सारंगपुर | 2424 |
| सुठालिया | 1773 |
| ब्यावरा | 1576 |
| खिलचीपुर | 1699 |
| खुजनेर | 1140 |
| राजगढ़ | 951 |
| कुल | 21646 |



### टीएल बैठक में दिए गए हैं तल्ख निर्देश

शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा कृषक लें सकें इसके लिए विगत दिवस आहूत समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने सभी अनुभागों के एसडीएम को उक्त योजना का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश प्रसारित किए हैं ताकि किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम मिल सके। उक्त बैठक में कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए थे कि सभी अनुभागों में क्रॉप कटिंग की रिपोर्ट शीघ्र से शीघ्र तैयार कर ली जाए ताकि उसे शासन तक पहुंचाया जा सके।

### यहां हो रहे हैं भावांतर के तहत पंजीयन

किसान हितेषी भावान्तर योजना के पंजीयन सोसायटी स्तर पर स्थापित पंजीयन केंद्रों, ग्राहक सेवा केंद्र, एमपी ऑनलाइन कियोस्क, एमपी किसान एप पर किए जा रहे हैं।

### इस तरह काम करेगी यह योजना

किसान अपनी उपज मंडी में जाकर बेच सकेंगे, उचित एवं गुणवत्ता (एफएक्यू) उपज हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी है। एमएसपी से कम लेकिन मंडी मॉडल रेट से अधिक भाव प्राप्त होने पर विक्रय मूल्य और एमएसपी के अंतर की राशि वहीं एमएसपी और मंडी मॉडल रेट दोनों से कम भाव प्राप्त होने पर मंडी मॉडल रेट और एमएसपी के अंतर की राशि मिलेगी। उल्लेखनीय है कि सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5328 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। शासन का दावा है कि 15 दिवस में भावांतर की राशि का किसान के आधार लिंक बैंक खाते में सीधे अंतरण कर दिया जाएगा।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने की कार्रवाई

# मिलावट की आशंका में 71 हजार रुपए कीमती 572 किलो तेल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में दूध, तेल सहित अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट किए जाने के अनेकों मामले पूर्व में सामने आ चुके हैं। इसी के चलते खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग भी लगातार मिलावटखोरों पर कार्यवाही करते हुए विभिन्न खाद्य पदार्थों को सैंपलिंग आदि कर रहे हैं।

इसी कड़ी में विभाग ने मंगलवार को नगर में अमित किराना जो की श्री बसंत इंटरप्राइजेज, इंदौर का होलसेलर है, के यहां से पूर्व में उपयोग की जा चुकी तेल की केनों में तेल भरा हुआ पाया। विभाग के जिलाधिकारी शिवराज पावक ने बताया की इन केनों के तेल में



मिलावट की आशंका के चलते 40 केनो में भरा 572 किलोग्राम तेल जब्त किया गया है, जिसकी कीमत करीब 71 हजार 500 रुपए है। चूंकि, उपयोग की हुई केनो में पुनः रिफाइंड आइल तेल पैक किया गया, ऐसे में यह खाद्य एवं सुरक्षा मानकों के नियम विरुद्ध है। फिलहाल सारा तेल जब्त करते हुए सैंपल जांच के लिए राज्य प्रयोगशाला में भेजे जा रहे हैं। लेबोरेट्री से रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधित पर आगामी कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।


### दूध और घी के भी लिए गए सैंपल

उक्त कार्यवाही के साथ ही ब्यावरा में किराना सहित दुग्ध चिलिंग सेंटरों एवं दूध डेयरियों की भी जांच की गई। बायपास स्तिथ पशुपतिनाथ मिल्क चिलिंग सेंटर एवं लालोए दूध सेंटरों का औचक निरीक्षण किया गया। यहां से दूध के सैंपल जांच हेतु लिए गए। इसी तरह नम्रता अमृत डेयरी से देसी घी का नमूना जांच के लिया गया है।

## करंट लगने से बहू और ससुर की मौत, खरेटिया गांव में चारा काटने की मशीन में करंट फैलने से हुआ हादसा

**ब्यावरा।** खरेटिया गांव में खेत पर चारा काटते समय मशीन में करंट फैल जाने से एक बहू और उसके ससुर की मौत हो गई। बहू मशीन की चपेट में आई तो ससुर ने बचाने की कोशिश की, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गए। जानकारी के अनुसार, रामसिंह दांगी (50) अपने खेत में बहू राधा दांगी (30) के साथ गुट्टी मशीन से चारा काट रहे थे। इस दौरान मशीन में अचानक बिजली का करंट फैल गया। बहू मशीन के संपर्क में आई और करंट से झुलस गई। उसे बचाने के प्रयास में ससुर भी पास पहुंचे, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गए।

परिजनों और ग्रामीणों ने तुरंत बिजली सप्लाई बंद की और दोनों को एक निजी अस्पताल पहुँचाया, जहाँ से



उन्हें गंभीर हालत में सिविल अस्पताल ब्यावरा रेफर किया गया। ब्यावरा सिविल अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को पोस्टमार्टम के उपरांत मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मृतक के पुत्र रांमबाबू दांगी ने पुलिस को दी। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंप दिए और जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में माना जा रहा है कि मशीन में बिजली का लीकेज या तारों में खराबी के कारण यह हादसा हुआ।


# पुलिस ने 8 घंटे में अंधे कत्ल का पर्दाफाश करते हुए आरोपियों किया गिरफ्तार

**शाजापुर।** कालापीपल पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुये अंधेकत्ल का किया पर्दाफाश दिनांक 07.10.2025 को ग्राम भेसाया गढा में मृतक अनोखी लाल पिता भागीरथ अहिरवार उम्र 45 साल निवासी भेसाया गढा गला काटकर हत्या करने के मामले मे पुलिस थाना कालापीपल पर अपराध कमांक 469/25 धारा 103(1) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। शाजापुर पुलिस यशपाल,सिंह राजपूत के निर्देशन में घनश्याम मालवीय जिला एंव अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) निमेश देशमुख शुजालपुर के मार्गदर्शन मे सनसनीखेज हत्या के इस मामले की पतारसी एवं आरोपियो की धरपकड हेतु टीम गठित की गई।

गठित टीमों द्वारा तत्काल इस मामले को गंभीरता से लेते हुये छानबीन एवं पतारसी की कार्यवाही की गयी तथा विवेचना के दौरान घटनास्थल पर पायें गये विभिन्न भौतिक साक्ष्य की समीक्षा कर अनुसंधान के दौरान 08 घण्टे के अन्दर ही हत्या का खुलासा करते हुये आरोपिया रेखा बाई पति अनोखी लाल अहिरवार उम्र 42 साल निवासी भेसाया गढा व आरोपी बंटी पिता कैलाश अहिरवार उम्र 26 साल निवासी ग्राम खोकरा कलां को गिरफ्तार कर घटना मे प्रयुक्त हथियार चाकू जप्त किया गया है। आरोपीगणो ने बताया कि पिछले दो तीन वर्षों से




उनके बीच मे प्रेम प्रसंग था। दोनो ने मिलकर मृतक अनोखी लाल अहिरवार को अपने रास्ते से हटाने के लिए दिनांक 07.10.2025 की रात्रि मे सोए हुए अनोखी लाल पिता भागीरथ अहिरवार उम्र 45 साल निवासी भेसाया गढा का मुंह व गला दबाकर एवं चाकू से गला काटकर उसकी हत्या कर दी। आरोपीगणो को न्यायालय शुजालपुर पेश किया। उक्त सराहनीय कार्य मे थाना प्रभारी थाना कालापीपल निरीक्षक मनोहर सिंह जगेत, उप निरीक्षक रवि भण्डारी, उप निरीक्षक तेजप्रकाश बोहरे, उनि सुनीता मेवाडा, प्रआर राहुल सिंह प्रआर विवेक गोस्वामी, प्र०आर विशाल पटेल, प्रआर रामेश्वर जाटव, प्रआर राजेश पटेल प्रआर धर्मेंद्र गुर्जर, प्रआर शिवराज पटेल आरक्षक वेदप्रकाश आदि रहे मौजूद।



## विधायक मोहन शर्मा ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

**नरसिंहगढ़।** क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर किसानों को फसल मुआवजा व बीमा राशि दिलाने, वन विभाग द्वारा विकास कार्यों में लगाई जा रही आपत्तियों के निराकरण और सिटी पोर्सन सड़क की चौड़ाई कम करने जैसे मुद्दों पर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि अतिवृष्टि से किसानों की फसलें चौपट हो गई हैं। वहीं, वन विभाग की अनावश्यक रोक से निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। विधायक ने मुख्यमंत्री से मंदिर श्री जमात से पांडव चौराहे तक सड़क की चैड़ाई 10 मीटर रखने की भी मांग की। मुख्यमंत्री ने शीघ्र उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

छिंदवाड़ा और बैतूल में हुई घटना के चार दिन बाद जगा ड्रग एवं स्वास्थ्य विभाग

# अमानक एवं प्रतिबंधित दवाओं की धड़पकड़, ड्रग इंस्पेक्टर ने किया मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण

निरीक्षण के नाम पर मात्र खानापूर्ति कर चले गए ड्रग इंस्पेक्टर, प्रतिबंध सिरप नहीं बेचे जाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

हाल ही में मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा और बैतूल जिले में कफ सिरप सहित अन्य जहरीली दवाओं से दर्जन भर से अधिक बच्चों की मौत से केंद्र और राज्य सरकार चौकन्ना हुई, लेकिन प्रतिदिन मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इन घटनाओं के बाद प्रदेश सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया। कलेक्टर डॉ गिरीश मिश्रा के निर्देश पर मंगलवार को ड्रग इंस्पेक्टर दिलीप अग्रवाल ने सारंगपुर के मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान दवाइयों के साथ बिल, स्टॉक रजिस्टर, एक्सपायरी डेट एवं लाइसेंस संबंधी दस्तावेजों की जांच की कई दुकानों पर रिकॉर्ड अधूरे पाए गए, जिन पर ड्रग विभाग ने स्पष्टीकरण मांगा है। ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि यह कार्रवाई नियमित



निगरानी के तहत की जा रही है ताकि नकली या एक्सपायर्ड दवाइयों की बिक्री पर रोक लगाई जा सके। जिन दुकानों पर अनियमितता पाई जाएगी, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए लेकिन मौत के बाद जगाने से अच्छा होता समय-समय पर जांच होती रहनी चाहिए थी ताकि मरीजों की स्वास्थ सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। ड्रग इंस्पेक्टर अग्रवाल ने प्रतिबंध दवाइयों को तत्काल मेडिकल से हटाने के निर्देश दिए तथा मेडिकल स्टोर संचालकों से कहा कि प्रतिबंधित सारी दवाइयां वापस की जाए नहीं तो कार्यवाही की जाएगी। वहीं ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा कई मेडिकल दुकानों का निरीक्षण ही नहीं किया। निरीक्षण के नाम पर खाना पूर्ति कर चले गए।

## संघ के शताब्दी वर्ष पर निकला भव्य पथ संचलन



**ब्यावरा-करेड़ी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष व विजयादशमी उत्सव के अवसर पर मंगलवार को करेड़ी में संघ का पथ संचलन निकाला गया। नगर के प्रमुख मार्गों से निकले पथ संचलन का जगह-जगह स्थानीय निवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला कार्यवाह मनीष वैष्णव ने कहा कि संघ की विचारधारा तीन प्रमुख स्तंभों हिंदुत्व, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण पर आधारित है। उन्होंने कहा कि भारत को सशक्त, आत्मनिर्भर और सांस्कृतिक रूप से जागृत राष्ट्र बनाने का लक्ष्य संघ की साधना का सार है। समाज में समरसता, अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभक्ति का भाव संघ कार्य का मूल है। वैष्णव ने संघ की ऐतिहासिक यात्रा का उल्लेख करते हुए बताया कि 1925 से लेकर आज तक संघ ने हर परिस्थिति में निरंतर कार्य किया है और आज यह विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन बन चुका है, जिसके एक करोड़ से अधिक स्वयंसेवक देश-विदेश में सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि संघ ने समाज जीवन के हर क्षेत्र शिक्षा, ग्राम विकास, सेवा, पर्यावरण और संस्कृति में सकारात्मक दिशा दी है। आज समाज स्वयं कहता है "हमको भी काम बताइए", यही संघ की सौ वर्षीय साधना का परिणाम है।

त्रिशूल मित्र मंडल एवं नगरवासियों के सहयोग से संपन्न हुआ आयोजन

# कन्या पूजन उपरांत हुए नगर भंडारे में हजारों ने ग्रहण की प्रसादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्थानीय नाका नंबर-3 स्थित त्रिशूल मित्र मंडल द्वारा लगातार 40 वर्षों से नवरात्रि में आदिशक्ति की स्थापना की जा रही है। अनवरत इतने वर्षों से माताजी की स्थापना करने वाले इस समिति एवं नगरवासियों के संयुक्त सहयोग से मंगलवार को शरद पूर्णिमा के अवसर पर विशाल नगर भंडारे का आयोजन करवाया गया। शाम करीब 4 बजे माता की प्रतिमा के सम्मुख कन्याओं के पाद-पूजन उपरान्त आरंभ हुए नगर भंडारे में देर रात्रि तक हजारों की संख्या में माता-बहनों एवं श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। समिति की



अपेक्षा से भी कहीं अधिक भक्तों ने भंडारे में पधारकर माताजी की भोजन, प्रसादी गृहण की। इस नगर भंडारे की भव्यता एवं व्यापकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भंडारे के भोजन निर्माण हेतु करीब 100 हलवाईयों की व्यवस्था आयोजकों द्वारा करवाई गई थी। जगतजननी के इस पुनीत कार्य में नगर एवं क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर विभिन्न तरह से अपना सहयोग प्रदान किया।

### अनेकों युवाओं ने दिया अपना सहयोग

हजारों भक्तों को भंडारे की भोजन, प्रसादी ग्रहण करवाने में न केवल त्रिशूल मित्र मंडल बल्कि नगर की विभिन्न झांकी पांडालों, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के युवाओं ने परोसगारी करवाते हुए अपना सहयोग प्रदान किया। समिति पदाधिकारी द्वारा भी पिछले कई दिनों से माताजी के इस पुनीत कार्य हेतु दिन-रात एककर अपनी सेवाएं दी जा रही थीं।

### प्रतिमा का विसर्जन

उक्त भंडारे के चलते त्रिशूल मित्र मंडल द्वारा अभी तक माताजी की प्रतिमा का विसर्जन नहीं करवाया गया था। ऐसे में भंडारा सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद समिति सदस्यों द्वारा गाजे-बाजे एवं ढोल-ढमाकों के साथ माताजी की प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाया गया।

# छात्रों ने कराते प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**कालापीपल।** शा. उमावि विद्यालय तिलावद मैना के छात्रों ने अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल प्राप्त कर क्षैत्र का नाम रोशन किया,ग्वालियर में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में 12वीं में अध्यनरत छात्र-छात्राओं में रवि वर्मा पिता सुरेश वर्मा ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया वहीं मेघा पिता बादामी लाल चौधरी ,लक्ष्मी पिता राकेश वर्मा ने रजत पदक ,नम्रता कलमोदिया पिता जितेंद्र कलमादिया ने कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय को गौरांवित किया। प्राचार्य राधेश्याम वर्मा ने छात्रों को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह आपकी कड़ी मेहनत और परिश्रम का परिणाम है जो आपने अपने लक्ष्य को हासिल कर यह गौरव प्राप्त किया, आप ऐसे ही आगे बढ़ते रहे, विद्यालय परिवार की ओर से छात्र-छात्राओं उनके पालकों का



स्वागत सम्मान भी किया गया।

इस अवसर पर खेल शिक्षक राहुल भैंसानिया, माधुरी मेम करण सिंह सोलंकी, बाबूलाल परमार, कमल कुमार वर्मा,हेमंत शर्मा अर्जुन सर, रोशन सिंह राजवंशी, सुनील परमार ,सुरेश सोनानिया ,देवराज वर्मा और समस्त शिक्षकों ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की।।

ट्रस्ट परिवार ने किया कन्या पूजन

# मां मंशा पूर्ण वैष्णो देवी मंदिर ट्रस्ट में हुआ कन्या भोज का आयोजन




**ब्यावरा।** शारदीय नवरात्रि पर ब्यावरा के मां मंशा पूर्ण वैष्णो देवी मंदिर ट्रस्ट परिसर में पूरे नौ दिनों तक भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा। इस दौरान मंदिर में रोजाना माता रानी की विशेष पूजा-अर्चना, भजन और विविध धार्मिक आयोजन हुए। मंगलवार को मंदिर ट्रस्ट परिवार की ओर से कन्या पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया। इस दिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। श्रद्धालु परिवार सहित मां वैष्णो देवी के दर्शन करने पहुंचे और आशीर्वाद प्राप्त किया। मां की आरती और पूजा के बाद कन्या पूजन की परंपरा निभाई गई। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष कमल खस ने कन्याओं के चरण धोकर उनका पूजन किया। इसके बाद कन्याओं को भोजन, पूड़ी-सब्जी, हलुआ और उपहार प्रदान किए गए। इस अवसर पर नगर सहित आसपास के गांवों से भी कन्याएं और श्रद्धालु पहुंचे। कार्यक्रम के अंत में मंदिर ट्रस्ट की ओर से उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर अखिलेश जोशी, रामजी राजपाल, विनोद शिवहरे, लोकेश चौहान, फणीराज मूंदड़ा, दिनेश अग्रवाल, मुकेश शर्मा, अनिल सोनी, दिनेश साहू, कैलाश कुशवाह, दिनेश जाट, पवन अग्रवाल, जगदीश कुशवाह, आरडी सेन, नरेंद्र चौहान,नवीन शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, जितेन्द्र जोशी, जितेन्द्र पालीवाल, राजू यादव, अक्षित शिवहरे, लक्ष्मीनारायण प्रजापति, प्रभूसिंह मौजूद रहे।

दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना के लाभाविन्त गरीब भोजन के लिए भटकते

# ये कैसी योजना : छुट्टी के दिन गरीब को भोजन नहीं

## छुट्टी का बहाना, केंद्र बंद, जिम्मेदार मौन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

गरीब व जरूरतमंद लोगों के लिए शुरू की गई दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना कागजों में तो नियमित दिखाई देती है, लेकिन हकीकत में रसोई केंद्र आए दिन छुट्टी के नाम पर बंद रहता है। जिससे भोजन की आस लेकर आने वाले लोगों को निराश होकर लौटना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों ने बताया की रसोई केंद्र का नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाए और योजना के नियम भी यही है जिम्मेदारों पर नियम लागू किए जाए ताकि योजना का असल लाभ गरीबों तक पहुंच सके।

### रसोई केंद्र खुलने का समय

दीनदयाल अंत्योदय रसोई केंद्र के खुलने का समय प्रत्येक केंद्र के लिए अलग-अलग हो सकता है, जो संचालन करने वाले निकाय पर निर्भर करता है। यह समय आमतौर पर शहरी क्षेत्रों में रहने वाले गरीब परिवारों, काम की तलाश करने वालों और आश्रयहीन लोगों को ध्यान में रखकर तय किया जाता है।

### क्या है नियम

दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना का लाभ रोज मिले, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर संचालित योजना किसी महापुरुष की जयंती पर बंद नहीं रहती है, क्योंकि यह एक सार्वजनिक सेवा है जो जरूरतमंदों को सस्ता भोजन उपलब्ध कराती है. रसोई के संचालन से जुड़ा कोई कर्मचारी किसी महापुरुष की जयंती के उपलक्ष्य में किसी कार्यक्रम में भाग लेता है, तो संचालन कुछ समय के लिए प्रभावित हो सकता है, लेकिन योजना को बंद नहीं किया जाता. इस योजना में छुट्टी का कोई प्रावधान नहींरू इस तरह की किसी भी सार्वजनिक सेवा को केवल महापुरुष की जयंती के कारण बंद नहीं किया जाता है।

छुट्टी के दिन बंद रहता है दीनदयाल रसोई योजना बाकी दिन खुल्ला रहता हैं बाकी जो आपको लिखना लिख लो।

**गिरीश गोखले,** योजना प्रभारी सारंगपुर

## खबर संक्षेप

### ब्लॉक कांग्रेस आज देगी आंदोलन और धरना



**जावर।** जावर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जावर के तत्वाधान में किसान आंदोलन का आयोजन तहसील कार्यालय जावर के सामने दिन गुरुवार को 11:30 बजे से जिसमे पूर्व केबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती उपस्थित रहेंगे।ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर ने अधिक से अधिक संख्या में पहुचने की अपील की।

### अलग-अलग घटनाओं में घर में फांसी लगाकर दो ने दी जान

**देवास।** सोमवार रात दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतकों की पहचान 32 वर्षीय विकास पिता किशोरी लाल, निवासी नई आबादी क्षेत्र, और 19 वर्षीय कन्हैया लाल पिता बाबूलाल के रूप में हुई है। पहली घटना में, विकास ने अज्ञात कारणों से अपने घर में फांसी लगा ली। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## जनसुनवाई में ग्रामीणों की विधायक ने सुनी समस्याएं

# बिसूखेड़ी के ग्रामीणों ने गांव में उचित मूल्य की दुकान खुलवाने की मांग

विधायक कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, जनसुनवाई में आए आवेदानें का निराकरण करने अधिकारियों को दिए निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जनसुनवाई में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के कार्यालय में कई ग्रामो से ग्रामीण विधायक कार्यालय में आयोजित होने वाली जनसुनवाई में पहुचे। बुधवार को प्रातः 10 बजे से कार्यालय में उपस्तिथ रह कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनता की समस्याओं को सुना एवं उनकी समस्याओं को हल करने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये । आज ग्राम बिसूखेड़ी के ग्रामीणों ने जन सुनवाई में पहुच कर ग्राम में शासकीय उचित मूल्य की राशन की दुकान खुलवाने की मांग की उक्त मांग का आवेदन भी सौपा। जनता से प्राप्त आवेदनों पर विधायक ने कहा की आपका जन सेवक होने के नाते आपकी समस्याओं को सुनना, हल करना मेरा धर्म है। आज आये आवेदनों को तत्काल सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर ग्रामीणों की समस्याओं का समय सीमा में तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कार्यालय आये सभी नागरिको को भरोसा दिया कि आपकी समस्याओं का जल्द निराकरण होगा,जो मांग शासन स्तर की है उनेह वे शासन तक पहुचायेंगे। विधायक कार्यालय से जानकारी देते हुए बताया की आज जनसुनवाई में आये ग्रामीणों ने जन सुनवाई में आर्थिक सहायता दिलवाने,शस्त्र लाइसेंस की स्वीकृति करवाने,70 वर्ष की उम्र होने पर फिंगरप्रिंट मेल नही होने पर राशन बंद होने,प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने,जमीन बंटवारा सम्बंधित,सीमांकन,ग्राम बिसूखेड़ी में खाद्यान वितरण की दुकान खुलवाने, सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। सभी आई शिकायतों एवं आवेदनों को सम्बंधित विभागों को निराकरण हेतु निर्देश दिये है । विभागों की आई समस्याओं को लेकर मौके से ही सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को आई समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिये,कुछ आवेदन निराकरण हेतु सम्बंधित विभागों को भेजे गये ।

# कीचड़ और पानी से भरे गड्ढों में तब्दील हुई सड़क

## आए दिन हो रहे सड़क हादसे



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम बमुलिया रायमल में सरकारी स्कूल के सामने लोकनिर्माण विभाग की सड़क आवागमन करने वाले वाहन चालको के लिए बनी मुसीबत सड़क पर हुए बड़े बड़े गड्ढे कीचड़ से आमजन परेशान सीहोर जिले की जावर तहसील क्षेत्र अंतर्गत के नगर जावर से ग्राम बमुलिया रायमल एवं कजलास तक का पहुँच मार्ग में जगह जगह हुए गड्ढे भरा पानी ग्राम बमुलिया रायमल में हुए जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे ग्राम बमुलिया रायमल के ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि लोकनिर्माण विभाग अधिकारी कर्मचारियों को कई बार बताया जा चुका पिछले महीने सड़क के गड्डो की मरम्मत करवाने के लिए भी अवगत कराया गया लेकिन कोई मरम्मत नही की गई बरसात में बच्चे सड़क किनारे बने स्कूल में गड्डो में होकर निकल रहे जिसके कारण उनके कपड़े जूते मोजे तक खराब हो रहे है दो दिन पहले एक बच्चो को एक लापरवाह वाहन चालक द्वारा गड्डो में भरे पानी से बच्चे की टीशर्ट कीचड़ से गन्दी कर चुका है। पुरानी सड़क की मरम्मत नही करा पा रहा विभाग नई सड़क जल्द बनवाने का पिछले दो महीने से बोल रहा है लेकिन समस्या ज्यो की त्यों बनी हुई आमजन की समस्या कम होने के बजाय बड़ गई बड़े बड़े गड्डो में बरसात के भरे पानी के कारण गड्ढे कितने बड़े है दिखाई तक नही दे रहे है जिससे बड़े छोटे वाहन चालकों को लिए भी मुसीबत बन गई सड़क सुविधा की जगह दुविधा बनी हुई है।

# कांग्रेस ने वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के समर्थन में अल्लीपुर चौराहे पर चलाया हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस द्वारा लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग द्वारा चुनाव में भारी गड़बड़ी के खिलाफ वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के समर्थन में अल्लीपुर चौराह पर हस्ताक्षर अभियान चलाया, कांग्रेस पार्टी ने हाल ही में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों और वोट चोरी के मुद्दे पर जागरूकता फैलाना है।

उक्त कार्यक्रम के बारे में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी ने बताते हुए कहा कि यह अभियान देशभर में चलाया जा रहा है, जिसमें विभिन्न राज्यों के कांग्रेस नेता सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। मतदाता सूची में गड़बड़ियों और वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठाना। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने इस मुद्दे को उठाया है।गांव-गांव में हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हैं। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश परमार ने कहा कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने शहीद भगत सिंह की जयंती के अवसर पर हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की कांग्रेस पार्टी वोट चोरी के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है और मतदाताओं को जागरूक कर रही है।

वहीं गुलाब बाई ठाकुर वा कमल सिंह चौहान ने कहा कि अभियान का उद्देश्य लोकतंत्र की रक्षा करना और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा करना है।अभियान को जनता की आवाज बताया जा रहा है, जो वोट चोरी के खिलाफ लड़ने के लिए एकजुट हो रही है उपरोक्त कार्यक्रम में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश परमार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी,ग्रामीण अध्यक्ष महेश मुंदीखेड़ी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद खान गुड्डू, जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान,राजकुमार मालवीय पार्षद, सन्नवर खान,घनश्याम जांगड़ा, कृपाल मालवीय, फेज उद्दीन, तोसिफ उद्दीन, राशिद नेता जी, रामचरण दवरिया, बंशी लाल बांबे, अशोक मंडलोई, दिलिप मालवीय, राहुल पटरिया, डॉ हरि मेवाड़ा, कमल बड़लिया,नफीस शाह, राजकुम नौगांव, चेतन भाटी, रविन्द्र भाटी, राजेश सोलंकी, देवेंद्र परमार, शंकर सक्सेना,राहुल मालवीय आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आष्टा विधायक ने स्कूल शिक्षा मंत्री से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने भोपाल में आष्टा विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा संबंधी विभिन्न कार्यों, विद्यालयों के उन्नयन, जर्जर भवनों के स्थान पर नए भवन निर्माण की स्वीकृति, खुले परिसरों वाले विद्यालयो की बाउंड्रीवाल निर्माण, ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण,विद्यालयों में मरम्मद कार्य आदि को लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से वल्लभ भवन में भेंट की।

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने अपने आष्टा विधानसभा क्षेत्र की शिक्षा संबंधी विभिन्न मांगों को लेकर एक मांग पत्र भी स्कूल शिक्षा मंत्री को सौंपा। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने बताया कि आज स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह जी से भेंट कर उन्हें आष्टा विधानसभा क्षेत्र में जो मिडिल स्कूल है उन्हें हाई स्कूल में एवं जो हाई स्कूल है उन्हें हायर सेकेंडरी के रूप में उन्नयन करने की सूची सौपी गई है । वही आज आष्टा विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा विभाग के विभिन्न विद्यालयों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण की स्वीकृति, जो विद्यालय जर्जर हो रहे है उनके स्थान पर नवीन भवन निर्माण कराने, विद्यालयों के परिसर की खुली जमीन को कवर करने हेतु बाउंड्रीवाल निर्माण तथा जिन विद्यालयों में मरम्मत का कार्य होना है उन विद्यालयों की सूची मरम्मद कार्य हेतु मंत्री जी को सौंपी। भेंट के दौरान आज विस्तार से चर्चा कर स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह को विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने अपनी आष्टा विधानसभा क्षेत्र की शिक्षा संबंधी सभी मांगों को स्वीकृत करने एवं समस्याओं को हल करने को लेकर विस्तार से चर्चा की। शिक्षा मंत्री जी ने सभी समस्याओं को,मांगो को विस्तार से सुना एवं उन्हें हल करने का आश्वासन दिया।

# गौशाला में गौ माता का पूजन और गौ आहार सेवा कर भाजपा नेता ताम्रकार को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भाजपा के वरिष्ठ नेता गल्ला मंडी व्यापारी एवं सामाज सेवा में अग्रणी कमल ताम्रकार की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके पुत्र अमन, अंशुल ताम्रकार एवं पूरे परिवार रमेश ताम्रकार, राजकुमार, अजय, अनीता ताम्रकार, सलोनी, नैन्सी ताम्रकार द्वारा साथियों सहित स्थानीय माँ पार्वती धाम ग़ौशाला आष्टा पहुंच कर गौ माता की पूजा की और हरा चारा एवं पशु आहार खिला कर गौसेवा की। साथ ही सभी उपस्थित जनों ने श्री ताम्रकार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शब्दों के माध्यम से याद कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मार्केटिंग सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष कृपाल सिंह पटाड़ा, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रुपेश राठौर, किसान मोर्चा अध्यक्ष लखन पाटीदार, पार्षद रवि शर्मा, जुगल किशोर मालवीय, राजीव गुप्ताआष्टा युवा संगठन प्रमुख आनंद गोस्वामी, राजेश घेंघट, युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीष धारवा, महामंत्री पवन वर्मा, मनोज नामदेव , ताम्रकार समाज अध्यक्ष पराग ताम्रकार, अंकित जसाठी, दिशान पँवार, सौरभ चन्द्रवंशी, पीयूष राठौर, तरुण महेश्वरी एवं अन्य साथी उपस्थित रहे।

# देवास के खिलाड़ियों ने कराते इंडिया सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




कराते इंडिया द्वारा डेली कॉलेज में कराते इंडिया सीनियर राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में कराते एसोसिएशन ऑफ देवास के तीन खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यशस्वी सेन ने स्वर्ण पदक, प्रेरणा राय ने रजत पदक, तथा पारोमिता दास ने कांस्य पदक प्राप्त किया। ये तीनों खिलाड़ी आगामी एशियन गेम्स सिलेक्शन ट्रायल्स में शिलांग में भाग लेंगे। आयोजित की गई यह प्रतियोगिता पूर्णतः निशुल्क आयोजित की गई थी, साथ ही प्रतिभागियों के लिए निःशुल्क रेफरी सेमिनार का भी आयोजन किया गया। जिसमे अतिरिक्त सचिन परिहार,यश मकवाना, नितिन शर्मा, रघुवीर सिंह चौहान, राज सोनी, कृति बेस, कोमल, अमीषा पटेल, स्वाति पटेल और संजना शर्मा ने ऑफिशियल एग्ज़ाम दी। कार्यक्रम में कराते इंडिया के अध्यक्ष विक्रम सिंह पवार, उपाध्यक्ष राजेश यादव, तथा सचिव विनय यादव उपस्थित रहे। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें पुरस्कार प्रदान किए। यह जानकारी कराते एसोसिएशन ऑफ देवास के सचिव आतिश माली द्वारा प्रदान की गई।

## आरएसएस के सताब्तदी वर्ष पूर्ण होने पर नगर में निकला पथ संचलन

# प्रत्येक स्वयंसेवक के त्याग परिश्रम से 100 साल हुए पूर्णः शर्मा






हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

संघ के यह 100 वर्ष प्रत्येक स्वयंसेवक के त्याग परिश्रम सनुशासन से युक्त है। प्रत्येक स्वयंसेवक के कार्य कुशलता के आधार पर संघ आज अपने 100 वर्ष पूर्ण कर पाया है। मुख्य वक्ता धर्मेंद्र शर्मा विभाग कार्यवाह ने संघ की 100 वर्षो की यात्रा कीस प्रकार पूर्ण हुई है संघ का कार्य किस प्रकार समाज परिवर्तन की दिशा मे कार्य कर रहा है। भारत से प्रेरणा आज पूरा विश्व पा रहा है पंच परिवर्तन-सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्वदेशी जीवन शैली, नागरिक कर्तव्य, आज समाज के हर क्षेत्र संघ के कई प्रकार के विविध संगठन समाज परिवर्तन के कार्य मे लगे है। जैसे विषयो पर स्वयंसेवकों के बिच मे रखा। इसी के साथ ही नगर के प्रमुख मार्गों से पथ संचलन निकाला गया। जिसका जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

# आबकारी विभाग ने कार्रवाई कर दो प्रकरण किए दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी वृत्त देवास ब में गस्त के दौरान एक बिना नंबर की एक्टिवा की डिक्की में 50 पाव देशी मदिरा प्लेन का परिवहन करते हुए विकास निवासी गीताभवन देवास को पकड़ा गया तथा एक अन्य व्यक्ति से 20 पाव देशी मदिरा,07 केन बियर एवं 05 पाव विदेशी मदिरा जप्त की कार्यवाही में दो प्रकरण आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत प्रकरण पंजीबद् कर विवेचना में लिया गए। जब्त सामग्री एवं वाहन का बाजार मूल्य लगभग रुपए 77000 है। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक, प्रेम यादव, आबकारी आरक्षक आशीष, निकिता परमार सैनिक किशोर आदि रहे मौजूद।